Title: Need to provide financial assistance to State Government of Uttar Pradesh for desilting of river bed of the Varuna river between Mailahan and Varanasi

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र फूलपुर (फूलपुर तहसील) इलाहाबाद, यू.पी. में ग्राम मइलहन से होकर वाराणसी तक वरुणा(बरना) नदी जाती है, जिसमें इस नदी की (पेटा) तलहटी की सफाई न होने के कारण बरसात शुरू होते ही लगभग सैंकड़ों गांव एवं हजारों हैक्टेयर कृषियुक्त भूमि जून-जुलाई से फरवरी-मार्च तक जल भराव से प्रभावित रहती है, जिसके कारण किसान अपना सामान्य जीवन नहीं जी पा रहे हैं। खरीफ एवं रबी की फसल की बुआई भी नहीं हो पाती है। फसल की बुआई नहीं होने के कारण प्रभावित क्षेत्र के किसान, खेतिहर मजदूरों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है, वे आर्थिक रूप से टूट चुके हैं एवं अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा व शादी ब्याह भी नहीं कर पा रहे हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि वरूणा (बरना) पूरी नदी का सर्वेक्षण करा कर नदी की सफाई के लिए अविलम्ब कार्रवाई की जाये।